## विश्व साइकिल दिवस पर खेल भारती ने निकाली रैली

**साइकिल चलाओ-स्वास्थ्य बनाओ, देवास सजाओ का दिया संदेश**



**देवास।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर क्रीड़ा भारती देवास व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रविवार सुबह साइकिल चलाओ-स्वास्थ्य बनाओ, देवास सजाओ अभियान के तहत भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। फिट इंडिया-हिट इंडिया के संदेश के साथ निकाली गई इस रैली का शुभारंभ सुबह 7.30 बजे सयाजी द्वार स्थित स्वामी विवेकानंद प्रतिमा स्थल से हुआ।

### सैधव ने दिखाई हरी झंडी

रैली को भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव ने भारत माता की जय, वन्दे मातरम के नारे बोलते हुए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव, संघ विभाग संचालक अजय गुप्ता, हेमेन्द्र निगम काकू, गौरव कदम, मनीष जायसवाल, पार्षद अजय तोमर, अनिल श्रीवास्तव, जावेद पठान, विष्णु प्रसाद वर्मा, विवेक ढोबले, राजीव श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, सामाजिक कार्यकर्ता, स्कूली विद्यार्थी एवं युवा उपस्थित रहे। साइकिल रैली सयाजी द्वार से प्रारंभ होकर तहसील चौराहा, शनि मंदिर चौराहा, जिला अस्पताल, नगर निगम और पंप चौराहा सहित शहर के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः सयाजी द्वार पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने फिट इंडिया, हिट इंडिया, साइकिल अपनाओ, स्वास्थ्य पाओ तथा स्वच्छ, स्वस्थ और हरित देवास के संदेश दिए। आयोजकों ने कहा कि साइकिल दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ भारत और पर्यावरण संरक्षण का जनआंदोलन है। क्रीड़ा भारती लगातार खेल, स्वास्थ्य और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यक्रमों से जागरूकता लाने का कार्य कर रही है।

**स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों का लाभ**

क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष सुदेश सांगते ने बताया कि नियमित साइकिल चलाना न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और प्रदूषण नियंत्रण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य से युवाओं और विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने हेतु यह आयोजन किया गया।

## 10 टन अवैध लकड़ी से भरा ट्रक जब्त



**देवास।** पीपलरावा क्षेत्र में पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से परिवहन की जा रही करीब 10 टन लकड़ी से भरा एक ट्रक पकड़ा है। जब्त लकड़ी की कीमत एक लाख रुपए से अधिक बताई जा रही है। चालक के पास परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर ट्रक को जब्त कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि भूतेश्वर क्षेत्र से एक ट्रक में अवैध रूप से लकड़ी इंदौर ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर डायल-112 वाहन में तैनात आरक्षक राजेंद्र और उनकी टीम ने मुण्डलवादा फाटे के पास ट्रक को रोककर जांच की। जांच के दौरान चालक अरविंद गिरी निवासी शूजालपुर से लकड़ी परिवहन से संबंधित दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने वन विभाग को सूचना दी। डिप्टी रेंजर हेमराज गोखले ने बताया कि ट्रक भूतेश्वर क्षेत्र से इंदौर की ओर जा रहा था। वाहन में करीब 10 टन लकड़ी भरी हुई थी, जिसकी कीमत एक लाख रुपए से अधिक आंकी गई है। वन विभाग की टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर प्रकरण दर्ज किया। कार्रवाई के दौरान डिप्टी रेंजर हेमराज गोखले, मनोज मंडलोई, अंकित खत्री और अंकित मालवीय मौजूद रहे। जब्त ट्रक को बालगढ़ डिपो में खड़ा कराया गया है। वन विभाग मामले में लकड़ी के स्रोत और परिवहन से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रहा है। प्रकरण में कार्रवाई जारी है।

### एक नजर में

#### फिल्म द इंडिया स्टोरी का प्रोमो हुआ रिलीज

इंदौर. ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत और एमआईजी प्रोडक्शंस एंड स्टूडियोज़ के सहयोग से बनी फिल्म द इंडिया स्टोरी का दमदार और सोचने पर मजबूर कर देने वाला प्रोमो रिलीज कर दिया गया है. 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही यह फिल्म आज देश के करोड़ों लोगों को प्रभावित करने वाले एक गंभीर लेकिन अक्सर नजरअंदाज किए जाने वाले मुद्दे, खाद्य मिलावट पर प्रकाश डालती है. गंभीर विषय पर आधारित इस फिल्म में काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे. गौरतलब है कि फिल्म का यह प्रभावशाली प्रोमो हमारे घरों तक पहुंचने वाले खाने की गुणवत्ता और सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है. रासायनिक पदार्थों से तैयार की गई सब्जियों और फलों से लेकर दूषित डेयरी उत्पादों और मिलावटी खाद्य सामग्री तक, द इंडिया स्टोरी दिखाती है कि कैसे मुनाफे की दौड़ में लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है. हाल ही में रिलीज़ किया गया यह प्रोमो दर्शकों को ऐसी कहानी की झलक देता है, जो असहज सच्चाइयों को सामने लाती है, व्यवस्था पर सवाल उठाती है और लोगों को यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर वे रोज क्या खा रहे हैं?

#### शाओमी ने लाइका के साथ मिलकर शाओमी 17टी लॉन्च किया

इंदौर. शाओमी इंडिया ने शाओमी 17टी लॉन्च करने की घोषणा की। यह शानदार फ़्लैगशिप डिज़ाइन में बेहतरीन इमेजिंग, शानदार एंटरटेनमेंट, ज़बरदस्त परफॉर्मेंस और लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ का मेल है. लाइका-पावर्ड इमेजिंग, आंखों का ध्यान रखने वाली डिस्प्ले और बड़ी क्षमता वाली बैटरी के साथ, शाओमी 17टी को बिना किसी समझौते के प्रीमियम स्मार्टफ़ोन अनुभव देने के लिए डिज़ाइन किया गया है. हर पल की एक कहानी होती है. उन सभी पलों को कैद करें. ज़िंदगी शायद ही कभी सही शॉट का इंतज़ार करती है. चाहे वह अचानक की गई रोड ट्रिप हो, देर रात का कॉन्सर्ट हो, परिवार का कोई जश्न हो, या एक पल के लिए दिखने वाला कोई भाव हो, शाओमी 17टी यूज़र्स को उन पलों को ठीक वैसे ही कैद करने में मदद करता है जैसे वे होते हैं. शाओमी 17टी के फोक्स में लाइका-पावर्ड ट्रिपल कैमरा सिस्टम है, जिसमें 50एमपी का मेन कैमरा और शाओमी टी सीरीज़ में पहली बार लाइका 5एक्स पेरिस्कोप टेलीफ़ोटो कैमरा दिया गया है.

#### ब्राउन की स्क्रीनिंग में करिश्मा कपूर की तारीफ

इंदौर. ज़ी5 की आने वाली नियो-नोयर क्राइम थ्रिलर ब्राउन की विशेष स्क्रीनिंग एक गर्मजोशी भरी और यादगार शाम में बदल गई, जब करीना कपूर खान और सैफ अली खान सीरीज़ के प्रीमियर से पहले करिश्मा कपूर का समर्थन करने पहुंचे. मुख्य भूमिका में करिश्मा की लंबे समय बाद वापसी को लेकर यह स्क्रीनिंग एक खास पारिवारिक पल भी बन गई, जिसमें करीना और सैफ ने करिश्मा का उत्साह बढ़ाया, क्योंकि वह अपने करियर की सबसे दमदार और चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं में से एक निभा रही हैं.

## अन्नू भाई का हार्ट अटैक से निधन

**सतवास।** पुनर्वास स्थल बड़ौदा के हंसमुख, मिलनसार और सहज व्यक्तित्व के धनी अनिल राय (अन्नू भाई पुनर्वास वाले) का रविवार को हृदय गति रुक जाने के कारण दुखद निधन हो गया है। उनके आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास (पुनर्वास सतवास) से निकाली गई। इस दुखद घड़ी में उन्हें अंतिम विदाई देने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों सहित डॉ. वाय. एस. ठाकुर, विजय सिंह गौड़ मनोज राय, ललित सोलंकी (अध्यक्ष, जयंती माता समिति) दिनेश परमार, अंतिम सोलंकी, डॉ. उज्जैनिया, डॉ. वर्मा, रघुवीर सिंह चौहान, श्रवण दरबार, ओम राठौर नितिन राव, अच्चू जायसवाल सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जनों और स्थानीय निवासियों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। उनका अंतिम संस्कार पवित्र नर्मदा तट, नेमावर में धार्मिक रीति-रिवाज के साथ किया गया।

## एबीवीपी ने किया पौधारोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**कांटाफोड़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद के कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरणीय चुनौतियों के बीच वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक हो गया है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने, वर्षा चक्र को सुचारू रखने और आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित वातावरण देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करना था। परिषद के कार्यकर्ताओं ने लोगों से अपील की कि वे अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल भी करें, ताकि पर्यावरण संरक्षण का यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सके। कार्यक्रम में उपस्थित सभी साथियों ने एक स्वर में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## 20 जून से शुरू होगा मां चामुण्डा प्रकटोत्सव

**देवास।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 20 जून से माँ चामुण्डा प्रकटोत्सव एवं चंडी महायज्ञ प्रारंभ होगा। यज्ञ समिति के अशोकनाथ पुजारी ने बताया कि 20 जून को ध्वज स्थापना, हेमाद्री स्नान, नान्दी श्राद्ध सुबह 10 बजे होगा। प्रतिदिन अभिषेक, पूजन एवं हवन सुबह 9 से 12 बजे तक व दोपहर 2 से 5 बजे तक होगा। यह यज्ञ विगत 25 वर्षो से निरंतर होता आ रहा है। इस वर्ष यज्ञ का 26 वां वर्ष है।

चंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति 26 जून को अभिजीत मुहूर्त में होगी तथा परिक्रमा मार्ग पर कलश यात्रा निकाली जाएगी एवं नाथ सम्प्रदाय के पुजारी परिवार एवं भक्त मंडल व जन सहयोग से 26 जून को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। चंडीयज्ञ यज्ञाचार्य पं. सुभाष शर्मा रावल ग्राम कवड़ी वाले के आचार्यत्व में संपन्न होगा। मुकेश पुजारी, महेश पुजारी, संदीप पुजारी, विनय पुजारी, सुरेश पुजारी, अभिमन्यु पुजारी, संतोष पुजारी, रितेश पुजारी, कालु पुजारी, महांकाल पुजारी, आदि ने इस महायज्ञ में उपस्थित होने की अपील की।

## भूतड़ा पुनः प्रचार मंत्री नियुक्त



**कन्नौद।** माहेश्वरी समाज कन्नौद के अध्यक्ष विनोद तापडिया ने माहेश्वरी समाज कार्यकारिणी की घोषणा वरिष्ठ समाज बंधुओ से परामर्श के बाद की। जिसमे पत्रकार विनोद भूतड़ा को प्रचार मंत्री पद पर पुनः नियुक्त किया है। ज्ञात रहे भूतडा लगभग पन्द्रह वर्षो से समाज मै प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे है। यह नियुक्ति का आधार यह है कि प्रारंभ से प्रगति शील समाज को ओर ज्यादा प्रगति के पथ पर अग्रसर करने के लिए आप सदैव कार्य करते रहे। इस उपलब्धि पर श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्यो ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिजवाड़ का लोकार्पण



**कन्नौद।** नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिजवाड़ का लोकार्पण क्षेत्रीय विधायक पंडित आशीष शर्मा के द्वारा सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर फीता काटकर किया गया। बिजवाड़ में उप स्वास्थ्य केंद्र भवन के निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं ग्राम में ही प्रदान करना है। इस अवसर कन्नौद बीएमओ डॉ. लोकेश मीणा के द्वारा बताया कि नवनिर्मित आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी तथा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता पदस्थ है जिनके द्वारा महिलाओं की जांच बच्चों एवं गर्भवती का टीकाकरण मातृ एवं शिशु कल्याण सेवाएं परिवार कल्याण सेवाएं प्रदान कर रोगियों का प्राथमिक उपचार भी किया जावेगा। इस अवसर पर बीजेश्वर मंडल अध्यक्ष सुनील कर्मा, मंडल महामंत्री महेंद्र एस जाट सरपंच प्रतिनिधि संतोष धाकड़ एवं अन्य भाजपा पदाधिकारी, ग्रामजन तथा सेक्टर पानी गांव के कर्मचारी उपस्थित रहे.

## सामूहिक गुरु चरित्र वाचन में जोशी के भजनों पर झूम उठे श्रद्धालु



**देवास।** श्री दत्त उपासक मंडल के सामूहिक गुरु चरित्र वाचन में आज की संध्या श्रोताओं को सदैव स्मृति में रहेगी। कल इंदौर के उभरते गायक कार्तिक जोशी ने दो घंटे तक श्रोताओं को अपने सुमधुर गायन (अभंग, भजन, भक्ती गीत) से मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंडल के सदस्य दीपक कर्पे ने बताया कि कार्तिक ने राग यमन में नामस्मरण. राम कृष्ण हरि. गाकर अपना कार्यक्रम प्रारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने मन लागो रे लागो कानडा राजा पंढरीचा. 13 वें शतक में संत चोखामेळा द्वारा रचित अभंग अबीर गुलाल उधळीत रंग गाया तो श्रोता झूम उठे। हरी म्हणा तुम्हीं गोविंद म्हणा. भाग्यदा लक्ष्मी वारम्मा (कन्नड़ भजन) आदि भजन और अभंग प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का अंत धन्य भाग सेवा का अवसर पाया भैरवी गाकर किया। आकांक्षा जोशी ने कार्तिक जोशी के साथ सह गायन किया। उन्होंने विठ्ठला तू वेडा कुंभार और श्रीराम का भजन प्रस्तुत किया। नाशिक से पधारे संत भाऊनाथ महाराज ने कार्तिक का सम्मान किया और आशीर्वाद दिए। आकांक्षा जोशी का स्वागत स्वाती सुपेकर, आदर्श राय (हार्मोनियम) का स्वागत विकास करंदीकर, तबला संगतकार वेदांत लक्रस का स्वागत नरेंद्र काजले, पखावज वादक यश कान्हेरे का स्वागत विद्याधर लोटलीकर (मुंबई) झांझ वादक दर्शन पंचाक्षरी का स्वागत गिरीश कुलकर्णी और निरूपणकर्ता संजीव दिघे का स्वागत डॉ. चंद्रशेखर दिवाण ने किया। संचालन दीपक कर्पे ने किया।

## बच्चों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**देवास।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उड़ान स्पोर्ट्स विकास समिति एवं खेल युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रेरणादायक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा उन्हें प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण, जल संकट, वृक्षों की अंधाधुंध कटाई और जलवायु परिवर्तन जैसी गंभीर चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इन समस्याओं का समाधान जनभागीदारी और जागरूकता से ही संभव है।

## गीत बना पर्यावरण अभियान की प्रेरणा

**सतवास।** सांदीपनि शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सतवास के शिक्षक मनोज दुबे द्वारा रचित पर्यावरण जागरूकता गीत एक पेड़ माँ के नाम इन दिनों तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर देवास के मार्गदर्शन में ग्राम सिरोल्या में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में इस गीत ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने पौधारोपण के दौरान उपस्थित जनसमुदाय से इस गीत का सामूहिक गायन कराया। वहीं कलश यात्रा के दौरान भी प्रतिभागी गीत गाते हुए आगे बढ़े। गीत के प्रेरणादायी शब्दों ने कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। संकटों के बीच में आज दुनिया है खड़ी, पर्यावरण की जिम्मेदारियां बड़ी।

जिसकी पूजा करते हैं उसके नाम रोपेंगे, सारे बच्चे धरती माँ को एक पौधा सौंपेंगे। सारी की सारी दुनिया बनेगी तीर्थधाम, एक पेड़ माँ के नाम-एक पेड़ माँ के नाम। उपस्थित जनसमुदाय को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने में प्रभावी साबित हुईं।

## अग्निवीर में चयनित सैनिकों और अभिभावकों का सम्मान



**देवास।** देवास जिला एथलेटिक एसोसिएशन एवं सनी फिजिकल अकैडमी के संयुक्त तत्वावधान में विकास नगर स्थित स्वास्तिक मंगल परिसर में अग्निवीर में चयनित सैनिकों एवं उनके अभिभावकों के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोज राजानी थे, जबकि अध्यक्षता जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सेना गडारिया ने की।

विशेष अतिथि के रूप में मदनलाल कहार, जिला एथलेटिक एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं प्रेमनाथ तिवारी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत धर्मेंद्र भदोरिया, अभिषेक चौहान (प्रशिक्षक सनी), योगेश द्विवेदी, राजीव श्रीवास्तव, रागिनी चौहान, जावेद पठान एवं यशवंत डागोरा द्वारा किया गया। राजानी ने धर्मेंद्र भदोरिया एवं सनी फिजिकल अकैडमी के कोचों को बधाई दी देते हुए कहा कि उनके अथक प्रयासों और मार्गदर्शन से युवाओं ने यह सफलता प्राप्त की है। समारोह में ग्रामीण क्षेत्रों से आए चयनित युवाओं एवं उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

## महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**देवास।** अग्रकुल प्रवर्तक एवं अग्रवाल समाज के आराध्य देव श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर रविवार सुबह मां कैलादेवी चौराहा स्थित प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं युवा वर्ग ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को स्मरण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेश सुरेशचंद्र मंगल, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल तथा अग्रवाल समाज अध्यक्ष सोहन अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर प्रेम कुमार अग्रवाल, विजय कैलाशचंद्र गोयल, ताराचंद सिंघल, शरद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल (हरदा), हुकमचंद अग्रवाल, भगवान गोयल, ओमप्रकाश बंसल, राजेश अग्रवाल (मामा), महेश अग्रवाल, पवन गोयल, हरिशचंद्र अग्रवाल, जगदीश प्रसाद गर्ग, दिनेश मोदी, आशीष अग्रवाल (एलआईसी), दिलीप अग्रवाल, कन्हैयालाल सिंघल, रमेशचंद्र मोदी, देवेंद्र बंसल, संजय मित्तल एवं राजेंद्र गोयल सहित अनेक वरिष्ठ समाजजन उपस्थित रहे।

## जयस के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. डावर को दी श्रद्धांजलि



**देवास/पुंजापुरा।** सर्व आदिवासी समाज जिला देवास के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने जयस (जय आदिवासी युवा शक्ति) के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्रखर सामाजिक कार्यकर्ता स्व. सूरज डावर के अल्पायु में हुए असामयिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। समाज के लोग भारी संख्या में उनके निज निवास पुंजापुरा पहुँचे और उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राकेश देवड़े बिरसावादी ने कहा, स्व. सूरज डावर का इतनी कम उम्र में हमारे बीच से चले जाना पूरे आदिवासी समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। उन्होंने हमेशा ज़मीनी स्तर पर रहकर समाज के अधिकारों, जल-जंगल-ज़मीन की रक्षा और वंचितों की आवाज़ को बुलंद किया। उनके जाने से जो शून्य पैदा हुआ है, उसे कभी भरा नहीं जा सकता। उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। अनीता अलावा, नंदू रावत, मुकेश बामनिया, कुंदन ईस्के, नंदकिशोर मुजाल्दे, रवि गामड़, भगत सिंह राठौर, सखाराम डावर सहित सर्व आदिवासी समाज, जयस संगठन के पदाधिकारी, स्थानीय जन प्रतीनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

**एक नजर में** ▸ स्वर्णकार धर्मशाला में राम कथा के छठवें दिन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

## राम कथा परिवार के संबंधों को करती है प्रगाढ़ : पं. सुनील कृष्ण व्यास



**देवास।** जिव्हा दांतों के बीच रहकर भी भोजन ग्रहण कर सकती है, उसी प्रकार भक्त वह है जो दुष्टों के बीच रहकर भी भगवान का भजन करता रहे। रावण भगवान राम का विरोधी था, किंतु उसका भाई विभीषण प्रभु राम का अनन्य भक्त था। प्रभु नाम के प्रभाव से ही दुष्ट रावण का भाई भी लंका में रहकर रामभक्ति करता रहा। यह विचार रामायणाचार्य पंडित सुनील कृष्ण व्यास ने स्वर्णकार धर्मशाला में आयोजित राम कथा के छठवें दिन व्यक्त किए।

पंडित व्यास ने कहा कि आज हर माता-पिता अपने पुत्र को राम जैसा बनाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए स्वयं को राजा जनक जैसे आदर्श संस्कारवान अभिभावक बनना होगा। तभी परिवार में अयोध्या जैसा वातावरण निर्मित हो सकता है। उन्होंने कहा कि राम भगवान हैं तो भरत संत हैं। भगवान भक्त को छोड़कर जा सकते हैं, लेकिन भरत जैसे भक्त भगवान से मिलाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। कथा में भरत चरित्र और केवट प्रसंग का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया गया। भवसागर से पार लगाने वाले भगवान को भी गंगा पार करने के लिए केवट का आश्रय लेना पड़ा, जो भक्त की महिमा का प्रतीक है। निषादराज को गले लगाकर भगवान राम ने यह संदेश दिया कि ईश्वर जाति नहीं, बल्कि भक्ति और भाव को महत्व देते हैं। कथा के इन प्रसंगों को सुनकर अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। रामायणाचार्य ने कहा कि माता कैकेयी भगवान राम को भरत से भी अधिक प्रेम करती थीं, लेकिन मंथरा की कुसंगति ने अयोध्या के परम सुख को दुख में बदल दिया। जिस घर में मंथरा जैसी नकारात्मक सोच होती है, वहां सुख-शांति नहीं रहती। अशुद्ध विचारों से शुद्ध बुद्धि भी प्रभावित हो जाती है।